कार्यालय जनसम्पर्क अधिकारी
राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर
राजा पंचम सिंह मार्ग, ग्वालियर (म.प्र.) – 474002

फोन / फैक्स : 0751–2970230, 2970231
ईमेल : pro.rvskvv@gmail.com

क्र. / जन.कार्य. / 2024 / 430 दिनांक : 14 / 02 / 2024

प्रति,
श्रीमान संपादक महोदय / ब्यूरोचीफ
ग्वालियर, म.प्र.

महोदय,

निवेदन है कि राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर का एक महत्वपूर्ण समाचार प्रकाशनार्थ प्रेषित है। कृपया प्रकाशित कर सहयोग करने का कष्ट करें।

(जनसम्पर्क अधिकारी)

प्रेसनोट :

कृषि विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों हेतु नीपा पोर्टल का अभिनंदन कार्यक्रम

ग्वालियर। राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्‍वविद्यालय, ग्वालियर में आज नीपा पोर्टल **(www.nipaers.com)** का कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अरविन्द कुमार शुक्ला द्वारा शुभारंभ किया गया। नीपा पोर्टल के बारे में जानकारी देते हुए श्री सुमित जैन ने बताया कि इसके माध्यम से जे.आर.एफ, एस.आर.एफ., नेट, आई.बी.पी.एस., नाबार्ड, एस.एस.सी. (सी. जी.एल. एवं सी.एच.एस.एल.), प्रीवियस ईयर पेपर एवं ई–बुक्स आदि सुविधायें भी उपलब्ध रहेंगी। पोर्टल के शुरू होने के अवसर पर कुलपति प्रो. शुक्ला ने कहा कि यह पोर्टल कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को उक्त प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों के लिये मददगार होगा।

इस अवसर पर निदेशक विस्तार सेवायें डॉ. वाय.पी.सिंह, निदेशक अनुसंधान सेवायें डॉ. संजय शर्मा, कुलसचिव श्री अनिल सक्सेना, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, ग्वालियर डॉ. एस. एस.तोमर एवं ऑनलाईन माध्यम से अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. मृदुला बिल्लौरे, सभी कृषि एवं उद्यानिकी महाविद्यालय, सीहोर, इंदौर, खण्डवा, मंदसौर के अधिष्ठातागण एवं विद्यार्थी जुडे रहे और पोर्टल के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की।